**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन का प्रस्तावित 2023 का बजट भविष्य के लिए नींव तैयार करता है

## प्रस्ताव, आक्षित पूंजी में योगदान सहित, अधिक सुरक्षित, अधिक स्वस्थ और अधिक जुड़ी हुई कम्युनिटीज में वृद्धि करता है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (16 फरवरी, 2023) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का ड्राफ्ट 2023 का बजट अब सुझावों, विचारों और फीडबैक के लिए उपलब्ध है।

प्रस्तावित बजट, टैक्स बिल के सिटी के हिस्से पर प्रस्तावित 2.9 प्रतिशत पर, टैक्स रेट वृद्धि को महंगाई लेवलों से कम रखते हुए, सिटी के निर्माण वाले कई मुख्य प्रोजेक्टों और कम्युनिटी की सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिकताओं को उजागर करता है। बजट में, ऐतिहासिक हेल्थकेयर निवेश पर आधारित सहायता को जारी रखते हुए, आरक्षित पूंजी में 134 मिलियन डॉलर का रिकॉर्ड योगदान शामिल है, दूसरे अस्पताल और एक नए कैंसर केयर सेंटर सहित।

सिटी के मौजूदा प्रोग्राम और सेवाएं प्रदान करने, इंफ्रास्ट्रक्चर को स्थिर लेवलों पर रखने और भविष्य की वृद्धि के लिए तैयार रहने हेतु, बजट कमेटी (Budget Committee) को सिटी का प्रस्ताव, सिटी की सेवाओं के लिए 2.9 प्रतिशत प्रॉपर्टी टैक्स वृद्धि है। यदि यह मंजूर होता है, तो 2023 प्रॉपर्टी टैक्स बिल, सिटी की सेवाओं के लिए 2.9 प्रतिशत प्रॉपर्टी टैक्स वृद्धि, रीजन ऑफ पील (Region of Peel) की सेवाओं के लिए 2.8 प्रतिशत और स्कूल बोर्डों (School Boards) के लिए 0 प्रतिशत, कुल 5.7 प्रतिशत दर्शाएगा। कुल प्रॉपर्टी टैक्स वृद्धि, ब्रैम्पटन में औसत परिवार रिहायश प्रॉपर्टी पर 321 डॉलर होगी।

प्रत्येक वर्ष, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का वार्षिक बजट, उन प्राथमिकताओं, लक्ष्यों और पहलकदमियों की पहचान करता है, जो सुनिश्चित करती हैं कि सिटी, उन प्राथमिकताओं में निवेश कर रही है, जो निवासियों के लिए मायने रखती हैं। हाल ही के टेली टाउन हॉल में देखा गया कि निवासियों ने बताया कि उनके टैक्स डॉलरों के लिए, हेल्थकेयर, कम टैक्स, कम्युनिटी की सुरक्षा और मनोरंजन, मुख्य प्राथमिकताएं थीं।

**प्रस्तावित 2023 के बजट में मुख्य झलकियां**

*कम्युनिटी इंफ्रास्ट्रक्चर*

- कैपिटल प्रोजेक्टों में 492 मिलियन डॉलर का निवेश
- डाउनटाउन के पुनर्निमाण के लिए तीन वर्षों में 21 मिलियन डॉलर

*हेल्थकेयर*

- ब्रैम्पटन के लिए दूसरे अस्पताल के निर्माण में सहायता के लिए अस्पताल उगाही (लेवी) जारी रखना और एक नया कैंसर केयर सेंटर

*ट्रांज़िट*

- ट्रांज़िट फैसिलिटीज के इलेक्ट्रिफिकेशन और एक नई ट्रांज़िट स्टोरेज और देखरेख फैसिलिटी के लिए 210 मिलियन डॉलर
- चिंग्कूज़ी रोड (Chinguacousy Road) कॉरिडोर के साथ-साथ ज़ूम (Züm) सेवा विस्तार के लिए 15.4 मिलियन डॉलर

*कम्युनिटी की सुरक्षा और एमरजेंसी सेवाएं*

- कम्युनिटी सेफ्टी एक्शन प्लान (Community Safety Action Plan) प्रदान करने के लिए 650,000 डॉलर से अधिक
- नए फायर उपकरण और वाहनों के लिए 8 मिलियन डॉलर
- 24 नए फुल-टाइम फायरफाइटर्स

*स्पोर्ट्स और रेक्रिएशन संबंधी निवेश*

- होडन रेक्रिएशन सेंटर (Howden Recreation Centre) को पुनः विकसित करने के लिए 24 मिलियन डॉलर, एक नए स्पोर्ट्स फील्ड के निर्माण सहित
- गोर मेडोज (Gore Meadows) में क्रिकेट, सॉकर, टेनिस फील्ड और बिल्डिंगें विकसित करने के लिए 9 मिलियन डॉलर

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के प्रस्तावित 2023 के बजट संबंधी दस्तावेज यहां (here) देखे जा सकते हैं।

**2023 के बजट के बारे में अपनी राय दें**

जनता को संपूर्ण बजट प्रक्रिया में शामिल होना जारी रखने के लिए आमंत्रित किया जाता है क्योंकि सिटी, कई प्रकार के टेलीफोन टाउन हॉल, वार्ड-विशेष कॉफी चैट्स और बिजनेस राउंडटेबल का आयोजन कर रही है।

हिस्सा लेने वालों को, कम्युनिटी संबंधी प्राथमिकताओं के बारे में उनके विचार साझे करने, सिटी के स्टाफ से सवाल पूछने और 2023 के बजट के द्वारा मेयर और काउंसलर के काम के तौर पर विचार पेश करने का अवसर मिलेगा।

ये तारीखें याद रखें

- वार्ड कॉफी चैट्स (Ward Coffee Chats) – 21, 22, 23 और 24 फरवरी, 2023
- वर्चुअल (आभासी) बिजनेस राउंडटेबल (Virtual Business Roundtable) – 23 फरवरी, 2023, सुबह 8 बजे
- टेलीफोन टाउन हॉल #2 (Telephone Town Hall #2) – 25 फरवरी, 2023, दोपहर 12 बजे

अधिक विवरण, www.brampton.ca/budget पर और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के Twitter, Facebook और Instagram पर उपलब्ध हैं।

**बजट 2023 की समय सीमा**

विचारविमर्श, 27 फरवरी, 2023 को शुरू होंगे और बजट की मंजूरी, 8 मार्च, 2023 के लिए तय है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के 2023 के बजट के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/budget पर जाएं।

**हवाले**

“हम जो भी करते हैं, लोग उसका केंद्र होते हैं और यह प्रस्तावित बजट इसे साबित करता है। हेल्थकेयर और कम्युनिटी की सुरक्षा, हमारी सिटी की प्रगति में बेहद महत्वपूर्ण सहायक हैं। हम, भविष्य के लिए अधिक सुरक्षित और अधिक स्वस्थ शहर बनाते हुए, हमारे उचित हिस्से के लिए हिमायत जारी रख रहे हैं। हमारे निवेश बराबर रूप से शानदार वृद्धि को पूरा कर रहे हैं, क्योंकि हमने 100 वर्षों में जी.टी.ए. के पहले नए मेडिकल स्कूल को सुरक्षित किया है। इस पूरी प्रक्रिया पर काम करते हुए, हम जानना चाहते हैं कि आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है और हम इकट्ठे मिलकर – भविष्य के ब्रैम्पटन का निर्माण कैसे कर सकते हैं।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर; चेयर, बजट कमेटी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी का बजट, उन सेवा लेवलों को कायम रखने, जिनके लिए हमारी कम्युनिटी हकदार है और हमारे भविष्य के लिए सिटी के निर्माण में निवेश करने के लिए हमारी गाइड है। साल-दर-साल, यह सहयोग वाली प्रक्रिया हमें, निवासियों की राय सुनने और कम्युनिटी की जरूरतों को पूरा करने का अवसर देती है। जहां हम हैं, मुझे उस पर गर्व है और मैं ब्रैम्पटन के लोगों की राय सुनने के लिए उत्साहित हूं क्योंकि हम इसमें इकट्ठे मिलकर काम और कम्युनिटी के तौर पर हमारे हेल्थकेयर और जलवायु संबंधी बदलावों पर ध्यान देने में निवेश कर रहे हैं।”

- *पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; वाइस चेयर, बजट कमेटी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का प्रस्तावित 2023 का बजट, संतुलित दृष्टिकोण अपनाता है, जिससे हम उन्हें लगातार शानदार सेवा प्रदान कर सकते हैं, जो ब्रैम्पटन को घर कहते हैं और सिटी को एक जिम्मेदार तरीके से विकसित कर सकते हैं। जनता के सुझाव, महत्वपूर्ण हैं और हमने, हेल्थकेयर, कम्युनिटी की सुरक्षा, कम टैक्सों और मनोरंजन संबंधी सुविधाओं में निवेश करने की उचित कम्युनिटी प्राथमिकताओं पर बजट तैयार किया है। मैं हर किसी को सलाह देता हूं कि अपने विचार साझे करने के लिए समय निकालें क्योंकि हम कई संभावी उपलब्धियों वाले दूसरे वर्ष की तरफ बढ़ रहे हैं।”

- *मार्लोन कैलीडीन (Marlon Kallideen), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca